मुठभेड़ में दबोचा गया अंतरजनपदीय चोरी का फरार इनामी आरोपित

पैर में लगी गोली सीतापुर जिले के तंबौर क्षेत्र का है आरोपित

संसू, जागरण ● **श्रावस्ती** : इकौना पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने सोमवार की देर रात मुठभेड़ में चोरी व नकबजनी की घटना में फरार चल रहे सीतापुर जिले के 50 हजार रुपये के इनामी अंतरजनपदीय आरोपित को दबोच लिया। एसपी राहुल भाटी व एएसपी चंद्रकेश सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। आरोपित के पैर में गोली लगी है। उसे इकौना सीएचसी में भर्ती कराया गया। आरोपित के कब्जे से चोरी के जेवर, रुपये, तमंचा, कारतूस व खोखा बरामद हुआ है।

एसपी ने पुलिस कार्यालय में बताया कि इकौना क्षेत्र में कई चोरी व नकबजनी की घटनाएं हुई थीं। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था। घटना का राजफाश करने के लिए अलग-अलग पुलिस टीम गठित की गई थी।

सोमवार की रात इकौना थाने के प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी पुलिस टीम के साथ आरोपित की तलाश में निकले थे। टीम ने सरयू नहर बैराज सेमगढ़ा के पास एक आरोपित की घेराबंदी की। आरोपित ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया।

आत्मरक्षा में पुलिस ने फायरिंग की तो आरोपित के पैर में गोली लगी। टीम ने दबोच लिया। नाम व

- आरोपित के कब्जे से जेवर, रुपये तमंचा, कारतूस व खोखा बरामद
- पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने की कार्रवाई

मुठभेड़ में पैर में गोली लगने के बाद आरोपित को ले जाती पुलिस टीम ● जागरण

पता पूछने पर आरोपित की पहचान सीतापुर जिले के तंबौर क्षेत्र के औरी शाहपुर निवासी संजय लोनिया उर्फ संजू उर्फ लंबू के रूप में हुई। आरोपित के कब्जे से चोरी की दो जोड़ी पायल, तीन बिछिया, झुमकी, 720 रुपये, मटर माला, तमंचा, कारतूस व खोखा बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध श्रावस्ती व सीतापुर जिले के थानों में 31 मामले दर्ज हैं।

ऐसे देता था घटना को अंजाम : पूछताछ में आरोपित ने बताया कि रात को किसी न किसी घर में चोरी करते थे। बाइक से साथियों के साथ गांव में घूम कर रेकी करते थे। कौन सा घर गांव के बाहर है, किस ओर आसानी से निकलने का रास्ता है, कहां रात में सेंधमारी आसान होगी और घर के किस ओर खिड़की या दरवाजे से अंदर घुस सकते है, इसकी जानकारी लेते थे। घर में ईंट-पत्थर फेंक कर अंदर उपस्थित लोग की संख्या का पता लगाते थे, ताकि आसानी से घटना को अंजाम दे सकें।